# त्रैमासिक परीक्षा

V

कक्षा – बारहवीं

विषय– लेखाशास्त्र

समय– 3 घंटे　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　पूर्णांक – 50

प्रश्न 1. एक शब्द में उत्तर दीजिए – (प्रत्येक में 1 अंक)

1) साझेदारों के मध्य किया गया ऐसा अनुबंध जिसमें व्यापार संचालन के नियम हो, उसे क्या कहते हैं ?

2) साझेदारी व्यापार में लाभ हानि खाते का शेष किस खाते में अंतरित करते हैं ?

3) साझेदारी व्यापार में अधिकतम सदस्य संख्या कितनी होती है ?

4) साझेदारी का पंजीयन करना अनिवार्य है या ऐच्छिक ?

5) वे व्यक्ति जो एक दूसरे के साथ साझेदारी में सम्मिलित हुए हैं, सामूहिक रुप से कहलाते हैं ?

6) चालू खाता किस प्रणाली में खोला जाता है ?

7) उस खाते का नाम बताइये जो संपत्तियों एवं दायित्वों के मूल्य में कमी या वृद्धि के लिए बनाया जाता है ?

8) साझेदार की निवृति के किसी एक कारण को लिखिए ।

9) साझेदारों द्वारा व्यवसाय में निजी प्रयोग के लिए निकाली गई पूंजी क्या कहलाती है ? https://www.cgboardonline.com

10) नया अनुपात – पुराना अनुपात = ---------- ?

**प्रश्न क्र. 2 से 11 तक प्रत्येक प्रश्न में 2 अंक निर्धारित हैं ।**

प्रश्न 2. साझेदारी से क्या आशय है ?

प्रश्न 3. साझेदारी की कोई दो विशेषताएँ लिखिए ।

प्रश्न 4. साझेदारी संलेख क्या है ?

प्रश्न 5. साझेदारी संलेख के अभाव में लागू होने वाले दो नियम लिखिए ।

प्रश्न 6. साझेदारी में कौन-कौन से खाते बनाए जाते हैं ?

प्रश्न 7. क्या ख्याति एक अमूर्त संपत्ति है ?

प्रश्न 8. ख्याति के मूल्यांकन की कौन-कौन सी विधियाँ है ?

प्रश्न 9. नये साझेदार के कोई दो अधिकार बताइए ।

प्रश्न 10. पुनर्मूल्यांकन खाता क्या होता है ?

प्रश्न 11. साझेदार के अवकाश ग्रहण से क्या आशय है ?

**प्रश्न क्र. 12 से 16 तक प्रत्येक प्रश्न में 3 अंक निर्धारित हैं ।**

प्रश्न 12. आलोक और अशोक एक फर्म में बराबर के साझेदार हैं उनकी पूंजी क्रमशः 20000 और 16000 है । अशोक प्रतिमाह 600 वेतन पाने का अधिकारी है । पूंजी पर 6 % वार्षिक ब्याज दिया जाता है उस वर्ष का लाभ उपर्युक्त समायोजन के पूर्व 12000 रु. था लाभ हानि नियोजन खाता बनाइए ।

प्रश्न 13. एक व्यवसाय की विनियोजित पूंजी 100000 रु. है इस प्रकार के व्यवसाय में 10 % आय अपेक्षित है। पिछले तीन वर्षों का औसत लाभ 12000 रु. है, ख्याति का मूल्यांकन अधिलाभ के 2 वर्षों के क्रय के आधार पर करना है। ख्याति का मूल्य निकालिए।

प्रश्न 14. अ और ब 7 : 5 के अनुपात में साझेदार हैं, उन्होंने स को $^1/_6$ भाग के लिए नया साझेदार बनाया यदि स अपना हिस्सा पुराने साझेदारों से समान रुप से प्राप्त करे तो नया अनुपात ज्ञात कीजिए।

प्रश्न 15. अ, ब और स साझेदार हैं जो लाभ हानि 4 : 3 : 2 में बांटते है ख्याति का मूल्यांकन 18000 रु. हुआ ब के अवकाश ग्रहण पर आवश्यक जर्नल प्रविष्टि कीजिए।

प्रश्न 16. राम और श्याम साझेदारी में 3 : 1 के अनुपात में लाभ हानि विभाजन करते हैं वे फर्म के समापन हेतु सहमत हैं। संपत्तियों से 75000 वसूल हुए। फर्म के दायित्व इस प्रकार है –

लेनदार 45000 रु. राम से ऋण 20000 रु. राम की पूंजी 10000 रु. श्याम की पूंजी 15000 रु.। वसूली खाता और साझेदारों का पूंजी खाता बनाइए।

प्रश्न क्र. 17 में 5 अंक निर्धारित हैं।

प्रश्न 17. गोपाल और लीला एक फर्म में साझेदार हैं और 4 : 1 में लाभ हानि बांटते हैं। 31 दिसम्बर 2007 को उनका चिट्ठा निम्न था :-

| दायित्व | राशि | सम्पत्तियाँ | राशि |
|---|---|---|---|
| लेनदार | 12000 | फर्नीचर | 10500 |
| सामान्य संचय | 4000 | मशीन | 2000 |
| लाभ हानि खाता | 2000 | भवन | 8000 |
| पूंजी– | | स्टाक | 4500 |
| गोपाल 9000 | | देनदार | 3000 |
| लीला 1500 | 10500 | रोकड़ | 500 |
| | 28500 | | 28500 |

इस तिथि पर उन्होंने सोनू को निम्नलिखित शर्तों पर साझेदार बनाने का निश्चय किया –

1) सोनू का व्यवसाय में $^1/_2$ भाग होगा जिसके लिए वह 17500 रु. पूंजी के रुप में देगा https://www.cgboardonline.com
2) फर्नीचर का मूल्य 2 % घटा दिया जाए और स्टाक का मूल्य 6 % बढ़ा दिया जाए
3) फर्म की ख्याति का मूल्यांकन 2000 रु. किया गया है।
4) साझेदारों की पूंजी सोनू की पूंजी के अनुपात में समायोजित किया जाए।

पुनर्मूल्यांकन खाता एवं पूंजी खाता बनाइए।